# Solutions: Current Affairs Quiz 241

sanskritiias.com/pt-quiz-solutions/current-affairs-quiz-241

**Q1.**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. एल.ए.एफ. के तहत बैंक अपनी शुद्ध माँग एवं समय देयताओं का अधिकतम 0.75% तक ही प्राप्त कर सकते हैं।
2. लॉन्ग टर्म रेपो ऑपरेशन के तहत केंद्रीय बैंक, वाणिज्यिक बैंकों को प्रचलित रेपो दर पर दीर्घावधि के लिये धन उपलब्ध कराता है।
3. टार्गेटेड लॉन्ग टर्म रेपो ऑपरेशन विशिष्ट क्षेत्र में पर्याप्त तरलता सुनिश्चित करने के लिये रिज़र्व बैंक द्वारा संचालित दीर्घावधिक रेपो ऑपरेशन है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

1. केवल 1 और 2
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 3
4. उपर्युक्त सभी।

The correct answer is: 4

Solution:

**उत्तर: (d)**
**व्याख्या :**

- लॉन्ग टर्म रेपो ऑपरेशन (LTRO) के तहत केंद्रीय बैंक, वाणिज्यिक बैंकों को अपने संपार्श्विक मिलान (Collateral Matching) के लिये प्रचलित रेपो दर पर दीर्घावधि के लिये (1-3 वर्ष) धन उपलब्ध कराता है।
- विदित है कि एल.ए.एफ. (रेपो रेट/ रिवर्स रेपो रेट) के तहत बैंक अपनी शुद्ध माँग तथा समय देयताओं (NDTLs) का अधिकतम 0.75% तक ही प्राप्त कर सकते थे।
- टार्गेटेड लॉन्ग टर्म रेपो ऑपरेशन (TLTRO) विशिष्ट क्षेत्र में पर्याप्त तरलता सुनिश्चित करने के लिये रिज़र्व बैंक द्वारा संचालित दीर्घकालिक रेपो परिचालन (LTRO) हैं।

**इस प्रकार, उपर्युक्त सभी कथन सही हैं, अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।**

**Q2.**

---

समायोजित रुख (Accommodative Stance) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति बढ़ाने के लिये नीतिगत दरों को कम करता है।
2. केंद्रीय बैंक व्यापक आर्थिक स्थितियों को ध्यान में रखकर नीतिगत दरों को बढ़ा या घटा सकता है।
3. इसके तहत केंद्रीय बैंक या तो नीतिगत दरों को स्थिर रखता है या दरों में वृद्धि करता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2 और 3
3. केवल 3
4. केवल 1 और 3

The correct answer is: 1

Solution:

**उत्तर: (a)**
**व्याख्या :**

- हाल ही में, केंद्रीय बैंक ने बढ़ती मुद्रास्फीति को कम करने तथा विकास को बढ़ावा देने के लिये अपनी नवीनतम मौद्रिक नीति में समायोजित रुख जारी रखने का निर्णय लिया है।
- समायोजित रुख (Accommodative Stance) के अंतर्गत, केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति बढ़ाने के लिये नीतिगत दरों को कम करता है।
- सामान्यतः इसे अर्थव्यवस्था में मंदी की स्थिति में अपनाया जाता है।
- तटस्थ रुख (Neutral stance) के अंतर्गत केंद्रीय बैंक व्यापक आर्थिक स्थितियों को ध्यान में रखकर नीतिगत दरों को बढ़ा या घटा सकता है। आमतौर पर यह नीति तब अपनाई जाती है जब मुद्रास्फीति की दर स्थिर होती है।

**इस प्रकार, कथन 1 सही है, जबकि कथन 2 और 3 गलत हैं। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।**

**Q3.**

---

पटचित्र कला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. यह पश्चिम बंगाल व ओडिशा की पारंपरिक कला है, जिसे घर की दीवारों पर चित्रित किया जाता है।
2. ओडिशा में यह कला वैष्णव संप्रदाय तथा पश्चिम बंगाल में शैव संप्रदाय पर आधारित है।
3. इस चित्रकला में प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. केवल 1 और 2
2. केवल 3
3. केवल 2 और 3
4. उपर्युक्त सभी।

The correct answer is: 2

Solution:

**उत्तर: (b)**
**व्याख्या :**

- हाल ही में, प्रधानमंत्री ने एक कार्यक्रम के दौरान 'पटचित्र पेंटिंग' का उदाहरण दिया।
- पटचित्र वह चित्रकला है, जिसे कपड़े के टुकड़े पर चित्रित किया जाता है।
- यह चित्रकला पश्चिम बंगाल और ओडिशा की पारंपरिक चित्रकला है।
- बंगाल में यह परंपरा कालीघाट (कोलकाता में) के आसपास केंद्रित है, जिसकी थीम अधिक भक्तिमय नहीं है।
- ओडिशा में यह परंपरा पुरी के आसपास केंद्रित है, जो हिंदू पौराणिक कथाओं पर आधारित है। यह विशेष रूप से भगवान जगन्नाथ और वैष्णव संप्रदाय से प्रेरित है।
- इस चित्रकला में प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाता है।

**इस प्रकार, कथन 1 और 2 सही नहीं हैं, जबकि कथन 3 सही है। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।**

**Q4.**

---

पथरुघाट विद्रोह किस राज्य से संबंधित है?

1. असम
2. नागालैंड
3. मणिपुर
4. बंगाल

The correct answer is: 1

Solution:

**उत्तर: (a)**
**व्याख्या :**

- ब्रिटिश औपनिवेशिक प्रशासन द्वारा भू-राजस्व में वृद्धि किये जाने के विरोध में असम के पथरुघाट में 28 जनवरी, 1894 को किसानों ने विद्रोह कर दिया, जिसे पथरुघाट विद्रोह के नाम से जाना जाता है।
- किसानों द्वारा किया गया यह विद्रोह अहिंसक तथा लोकतांत्रिक था, किंतु ब्रिटिश सरकार ने इसे देशद्रोह की संज्ञा दी तथा सेना ने विरोध कर रहे निहत्थे किसानों पर गोलीबारी की।

**इस प्रकार, विकल्प (a) सही उत्तर है।**

**Q5.**

---

मटुआ समुदाय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. मटुआ महासंघ की स्थापना वर्ष 1915 में की गई।
2. मटुआ पश्चिम बंगाल का दूसरा सबसे बड़ा अनुसूचित जाति समुदाय है।
3. मटुआ समुदाय में पूर्वी तथा पश्चिमी बंगाल दोनों ओर के सदस्य शामिल हैं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

1. केवल 1 और 3
2. केवल 1 और 2
3. केवल 2 और 3
4. उपर्युक्त सभी।

The correct answer is: 4

Solution:

**उत्तरः (d)**
**व्याख्या :**

- हाल ही में, पश्चिम बंगाल में एक रैली को रद्द किये जाने को लेकर पूरा मटुआ समुदाय परेशान है। विदित है कि इस रैली को केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा संबोधित किया जाना था।
- मटुआ समुदाय में बंगाल सीमा के दोनों ओर के सदस्य शामिल हैं।
- यह समुदाय नामसुद्र (अनुसूचित जाति) परिवार के एक सदस्य हरिचंद ठाकुर द्वारा 1870 के दशक में शुरू किये गए धार्मिक आंदोलन से जुड़ा है, जो पूर्वी बंगाल के सफालडांगा से संबंधित था।
- मटुआ महासंघ की स्थापना वर्ष 1915 में हुई थी।
- मटुआ पश्चिम बंगाल का दूसरा सबसे बड़ा अनुसूचित जाति समुदाय है। राज्य में इस समुदाय के मतदाताओं की संख्या लगभग 17% है।
- मटुआ समुदाय वर्षों से नागरिकता अधिनियम, 2003 में संशोधन की माँग कर रहा था। इसके प्रावधानों ने शरणार्थियों के लिये नागरिकता प्राप्त करना मुश्किल बना दिया था।

**इस प्रकार, उपर्युक्त सभी कथन सही हैं। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।**